
जय सनातन राष्ट्रहित सर्वोपरि जय भारत






# राष्ट्रीय सनातन पार्टी


RSP राष्ट्रीय सनातन पार्टी

पंजीकृत कार्यालय: म. न. 108-ए, भूतल, खसरा नंबर 60, 30 फूटा रोड,
नया सभापुर गुजरान, करावल नगर, दिल्ली-110090

www.rashtriyasanatanparty.org , E-mail: rashtriyasanatanparty@gmail.com 9412458954, 9410073474


By Post

पत्रांक 185

दिनांक 14/05/2025

सेवा में,
श्रीमान नरेन्द्र दामोदर दास मोदी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार

**विषय : सेना में स्थायी भर्ती पुनः प्रारंभ करने, रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति, अग्निवीर योजना को समाप्त करने, विद्यालयों में सैन्य शिक्षा अनिवार्य करने एवं जनसेवकों के लिए सेना में सेवा को अनिवार्य करने हेतु।**

मान्यवर,

सविनय निवेदन है कि भारतवर्ष की सुरक्षा, युवा सशक्तिकरण एवं सुशासन को सुनिश्चित करने हेतु मैं, विश्वजीत सिंह अनंत, राष्ट्रीय अध्यक्ष – राष्ट्रीय सनातन पार्टी, आपके ध्यान में कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण विषय लाना चाहता हूँ, जिनका समाधान राष्ट्रहित में आवश्यक है:

1. सेना में स्थायी भर्ती बहाल की जाए

वर्तमान में भारतीय सेना में 1.3 लाख से अधिक पद रिक्त हैं, जिससे हमारी सैन्य क्षमता प्रभावित हो रही है। स्थायी भर्ती की प्रक्रिया विगत वर्षों से बाधित है, जिससे लाखों देशभक्त युवा अवसरों से वंचित हो रहे हैं। अतः, स्थायी सैनिक भर्ती को तुरंत बहाल किया जाए।

2. अग्निवीर योजना को समाप्त किया जाए

'अग्निपथ योजना' के तहत केवल चार वर्ष की सेवा, पेंशन का अभाव, और 75% सैनिकों को सेवा के बाद बाहर कर देना, युवाओं के मन में असुरक्षा व असंतोष उत्पन्न कर रहा है। यह योजना न तो सैनिक के भविष्य को सुरक्षित करती है, न ही सेना के दीर्घकालिक ढांचे को। कृपया इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए।

3. विद्यालयों में चार वर्ष की सैन्य शिक्षा अनिवार्य की जाए

(पृष्ठ संख्या 2 पर जारी......)

कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक विद्यार्थी के लिए सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए, जिससे उनमें राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं सेवा भाव विकसित हो। इससे भारत का हर नागरिक एक प्रशिक्षित देशभक्त नागरिक बनेगा।

4. शासकीय कर्मचारियों एवं राजनेताओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य की जाए

राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च आदर्श सेना है। अतः यह आवश्यक है कि प्रत्येक शासकीय कर्मचारी और जनप्रतिनिधि (राजनेता), चाहे वे सांसद हों, विधायक हों या उच्चाधिकारी, को कम से कम चार वर्ष तक भारतीय सेना में कार्य करना अनिवार्य किया जाए। इससे न केवल उनमें देशभक्ति और अनुशासन का बोध होगा, बल्कि जनता के प्रति सेवा भाव भी और प्रबल होगा।

मान्यवर, ये चार प्रस्ताव राष्ट्र निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। हम आपसे निवेदन करते हैं कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित निर्णय लिया जाए।

आपके राष्ट्रवादी नेतृत्व में भारत ने कई साहसिक निर्णय लिए हैं। हमें विश्वास है कि यह पहल भी भारत को एक सशक्त, संगठित और सुरक्षित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगी।

आपके उत्तर की प्रतीक्षा में,

सादर,


VISHWAJEET SINGH ANANT
PRESIDENT
RASHTRIYA SANATAN PARTY
H.NO. 108-A, G/F, KH. No. 60,
30 Foota Road, New Sabhapur Gujran,
Karawal Nagar, Delhi-110090

विश्वजीत सिंह अनंत
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय सनातन पार्टी
मोबाइल नं 9412458954
ईमेल : rashtriyasanatanparty@gmail.com